Statement

Encroachments of Religious Nature on Public Land

Name of the Government agency	No. of encroachments of religious nature	Cases in Courts	Present position
1. Central Public Works Department	88	2	In one case dwellers have got stay order from Supreme Court and the other is also pending in the Court.
2. New Delhi Municipal Committee	50	Nil	—
3. Land & Development Office	156	11	These cases are pending in court of State Officer in Land & Development Office under P.P. Act.
4. Delhi Development Authority (Main)	Survey regarding religious encroachments not conducted	—	-
Wing , D.D.A. .	644	4	Court proceedings pending in three case. In one case W/s filed in Court.
O. Municipal Corporation of Delhi .	210	3	All pending in Courts.
Delhi Cantonment Board. .	1	1	Stay Order granted, still pending in Court.
TOTAL :	1149		

राजनीतिक दलों/सार्वजनिक संस्थाओं को आवास का आवंटन

2546. श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राजनीतिक दलों और सार्वजनिक संस्थाओं को आवास आवंटित करती है;

(ख) यदि हां, तो 1 अप्रैल, 1992 की स्थिति के अनुसार कौन-कौन से राजनीतिक दलों और सार्वजनिक संस्थाओं को आवास आवंटित किए गए हैं तथा भवनों और जमीन का क्रमश: वर्गफुट और वर्गमीटर की दृष्टि से ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उनसे किसी प्रकार का किराया वसूल किया जा रहा है, यदि हां, तो उनसे कितना-कितना किराया वसूल किया जाता है; और

(घ) क्या इनमें से किसी का किराया बकाया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरूणाचलम) : (क) सरकार राजनैतिक दलों को नीतिगत निर्देशों के अनुसार वास आवंटित करती है। तथापि सार्वजनिक संस्थान सरकारी वास के पात्र नहीं है।

(ख) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

महात्मा गांधी की समाधि के लिए अधिगृहीत भूमि

2547. **श्री अनन्त राम जायसवाल** : **क्या शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महात्मा गांधी की समाधि और उसके परिसर के लिए कितने वर्ग-मीटर भूमि आवंटित की गई, और

(ख) स्वर्गीय प्रधान मंत्रियों तथा नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य या सदस्यों की समाधियों और उनके परिसरों के लिए कितने-कितने वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरूणाचलम) : (क) और (ख) आवश्यक जानकारी नीचे दी गई है :–

क्र.सं.	समाधि का नाम	कुल क्षेत्रफल (वर्ग मी. में)	अभियुक्ति, यदि कोई हो
1.	राजघाट, महात्मा गांधी की समाधि	2,38,764.74	
2.	शान्तिवन, स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की समाधि	2,42,811.6	
3.	विजय घाट, स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि	2,83,280.2	
4	शक्ति स्थल, स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की समाधि	2,42,811.6	
5.	किसान घाट, स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की समाधि	60,702.9	यह समाधि राजघाट परिसर के भीतर स्थित है और भूमि का कोई औपचारिक आवंटन अभी तक नहीं किया गया है।
6.	स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की समाधि	—	भूमि अभी तक आवंटित/तय नहीं की है।
7.	स्वर्गीय श्री संजय गांधी की समाधि	176.89	यह समाधि शांतिवन परिसर के भीतर स्थित है। कोई आवंटन नहीं किया गया है।